# राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

**(जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय)**

**18-20, सामुदायिक केंद्र साकेत, नई दिल्ली**

**विज्ञापन संख्या- 18 / 2023**

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन आरंभ करने की तिथि** | - | **29.04.2023 (12:00 दोपहर से)** |
| **आवेदन करने की अंतिम तिथि** | - | **29.05.2023 (11:59 आधी रात तक)** |

**राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (राजविअ) में सहायक अभियंता (सिविल) (समूह 'ख') के पद पर भर्ती।**

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (रा.ज.वि.अ.), संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन है जो सहायक अभियंता (सिविल) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए एक पैनल तैयार करने के लिए भारतीय नागरिकों से आनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। रिक्तियां संभावित हैं जो संगठन की आवश्यकताओं के अनुसार **घट या बढ़** सकती हैं। विभिन्न वर्गों तथा वेतन मान पर भरे जाने वाले पदों की संख्या, उम्र, आवश्यक योग्यता, वांछनीय योग्यताओं, आदि का पूर्ण विवरण इस प्रकार है:

1. **सहायक अभियंता (सिविल)** के 03 पदों (**अना.-02, और अनु. ज. जा.-01,)**

   वेतन मैटिक्स में लेवल-7 (रूपये 44900-142400/-)

   आयु सीमा: न्यूनतम -21 वर्ष तथा अधिकतम-27 वर्ष

   ***(अनु.ज.जा. उम्मीदवार के लिए 05 वर्ष की छूट)***

   ***(केंद्र सरकार में तीन साल की निरंतर सेवा दे चुके विभागीय कर्मचारियों के लिए आयु सीमा में 05 वर्ष तक छूट)***

**आवश्यक योग्यता:-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष।

**वांछित अनुभव:-** सिंचाई तथा जल उपयोगिता/या सर्वेक्षण, अन्वेषण, अभिकल्प, निर्माण सिंचाई परियोजनाओं/ कार्यों के प्रचालन एवं रखरखाव के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव।

**2. चयन प्रक्रिया**

(i) पात्र अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग सिविल इंजीनियरिंग में विकल्प के रूप में चुने गए एक पेपर में इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) 2021 और 2022 में प्राप्त सर्वश्रेष्ठ अंकों के आधार पर किया जाएगा।

(ii) पैनल को अंतिम रूप देने के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों (रिक्तियों की 10 गुना संख्या) को साक्षात्कार/ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**3. आवेदन प्रसंस्करण शुल्क**

सामान्य वर्ग के लिए 890/- रुपये + जीसटी + सेवा शुल्क और अनुसूचित जन. जाति उम्मीदवारों के लिए 550 रुपये + जीसटी + सेवा शुल्क का आवेदन शुल्क भुगतान गेटवे के माध्यम से देय है। आवेदन प्रसंस्करण शुल्क किसी अन्य रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

**अभ्यर्थी के लिए सामान्य अनुदेश**

i. पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी राजविअ की वैबसाइट **www.nwda.gov.in** पर अपना आवेदन ऑन लाइन माध्यम से 29.05.2023 को मध्य रात्रि 11.59 बजे तक भेज सकते हैं । भरे गए आवेदन की कोई भी छाया प्रति या कोई अन्य दस्तावेज संगठन को न भेजें। अभ्यर्थियों को यह सुनिचित करना है कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, वे उस पद के पात्र हैं तथा ऑन लाइन आवेदन फार्म में दर्शाई गई सूचनाओं की पुष्टि के लिए मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में उपलब्ध कराया जायेगा। भरे गए फार्म में उपलब्ध कराई गई किसी भी सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसमें किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जायेगा।

ii. अभ्यर्थी जो आवेदन करने के इच्छुक हैं उनको यह सुझाव दिया जाता है कि वे वैबसाइट **www.nwda.gov.in** पर रिक्ति पेज पर लॉग ऑन करें और आवेदन फार्म भरें तथा इसके

साथ **आयु प्रमाण पत्र (10वीं का प्रमाण पत्र) एवं गेट स्कोर कार्ड** की स्केन प्रति संलग्न करें। इसके बाद अपने रिकार्ड के लिए भरा हुआ फार्म डाउनलोड कर लें।

iii. अभ्यर्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि ऑन लाइन आवेदन फार्म सावधानी पूर्वक भरें। संगठन अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत सूचना के लिए न तो उत्तरदायी होगा और न ही अभ्यर्थी द्वारा इसमें किसी प्रकार के सुधार के लिए किए गए किसी अनुरोध को स्वीकार करेगा। ऑन लाइन आवेदन फार्म में गलत सूचना भरने के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई परिवर्तन है या त्रुटि पायी जाती है तो उस पर विचार नही किया जोयगा।

iv. अधूरे प्रार्थनापत्र/ आंशिक रूप से भरे हुए प्रार्थनापत्र/ बिना संगत दस्तावेजों के प्रार्थना पत्रों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

v. बिना कारण बताये पदों को न भरने, विज्ञापन को पूर्ण या आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार राजविअ को है और इस संबंध में इसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

vi. विज्ञापन से संबंधित और / भर्ती प्रकिया से संबंधित यदि कोई संशोधन/सुधार/जोड़ आदि है तो, उसे केवल राजविअ की वैबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा। इसके लिए संचार के किसी अन्य माध्यमों का प्रयोग नहीं किया जायेगा। अत: अभ्यर्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि किसी भी प्रकार के अपडेट के लिए समय-समय पर राजविअ की वैबसाइट देखते रहें।

vii. अभ्यर्थी श्रेणीवार छूट के लिए पात्र होगा, यदि समय समय भारत सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार हो। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29.05.2023 के अनुसार उम्र की गणना की जायेगी।

viii. चयनित उम्मीदवारों को संगठन के अंदर किसी भी अनुभाग/विभाग में कोई भी जिम्मेदारी दिये जाने / स्थानांतरित किये जाने का अधिकार संगठन को है। संगठन द्वारा भर्ती के अनुसार ही नियुक्ति दी जा सकती है।

ix. अभ्यर्थी की सभी शैक्षिक योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ही होनी चाहिए। राजविअ को आसाधरण मामलों में किसी शैक्षिक योग्यता/ अनुभव के मामले में छूट देने का अधिकार है। न्यूनतम योग्यता डिग्री के बाद प्राप्त किसी कार्य अनुभव पर ही विचार किया जायेगा। राजविअ अपनी सेवा के कार्यकाल के दौरान उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत उसकी/उसके पूर्ववृत्त और दस्तावेजों को सत्यापित कर सकता है। यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गए दस्तावेज नकली हैं या उम्मीदवार की गुप्त पूर्ववृत्ति /

पृष्ठभूमि है और किसी भी जानकारी को दबा दिया है, तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जायेंगी तथा ऐसे अभ्यर्थियों/कमचारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

x. जो व्यक्ति पहले से ही सरकारी सेवा में हैं, उन्हें अपने कार्यालय/विभाग द्वारा उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए तथा इस प्रकार का **अनापत्ति प्रमाण पत्र** जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त **" अनापत्ति प्रमाण पत्र"** को साक्षात्कार के समय जमा कराना होगा।

xi. अभ्यर्थी यह नोट कर ले कि सहायक अभियंता के पद का दायित्व अखिल भारतीय स्थानांतरण के आधार पर है।

xii. इस भर्ती से संबंधित विधिक मामलों का अधिकार क्षेत्र नई दिल्ली होगा तथा अन्य न्यायालयों में पस्तुत किये गए आवेदन (यदि कोई हो) अस्वीकार होंगे।

**टिप्पणी:-**

*i.* ***रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के हिन्दी संस्करण में पाई गई किसी भी विसंगित के मामले में रोजगार समाचार के अंग्रेजी संस्करण में दी गई सामग्री जो राजविअ की वैबसाइट [www.nwda.gov.in](http://www.nwda.gov.in) पर भी उपलब्ध है, मान्य होगी।***

*ii.* ***उम्मीदवार को केवल इस पद पर आवेदन करने के लिए दिये गए रोजगार समाचार के विज्ञापन या राजविअ की वैबसाइट का ही संदर्भ लेना चाहिए। राजविअ ने इस विज्ञापन और आवेदन को प्रकाशित करने के लिए किसी अन्य एजेंसी/विक्रेता को अधिकृत नहीं किया है।***

*iii.* ***ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्न/स्पष्टीकरण, कृपया बेझिझक ईमेल:*** **helpdesk.nwda.recruitment@gmail.com** ***या नंबर:*** **+919453819323** ***पर हेल्पडेस्क से संपर्क करें।***

दिनांक: 27/04/2023

27/4/23

उपनिदेशक (प्रशा.)